# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,भीलवाड़ा

प्रकरण संख्या
253/2022

पीठासीन अधिकारी—आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आई.ए.एस.)

दायर दिनांक 06.05.2022 | निर्णय दिनांक 11.03.2024

उनवान

1. रघुवीर सिंह पुत्र स्व0 श्री नन्द सिंह राजपुत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
2. रघुनाथ सिंह पुत्र स्व0 श्री नन्द सिंह राजपुत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
3. घनश्याम कंवर पुत्री स्व0 श्री नन्द सिंह राजपुत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
4. दशरथ कंवर पुत्री स्व0 श्री नन्द सिंह राजपुत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
5. गेंदकंवर पत्नी स्व0 श्री नन्द सिंह राजपुत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
6. रामकंवर पुत्री स्व0 श्री नन्द सिंह राजपुत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा

प्रार्थीगण

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार, भीलवाड़ा
2. कजोड़ सिंह पुत्र श्री मदन सिंह राजपुत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
3. देवी सिंह पुत्र श्री गोपाल सिंह राजपुत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
4. नाथू सिंह पुत्र श्री मदन सिंह राजपुत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
5. नारायण सिंह पुत्र श्री राम सिंह राजपुत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
6. पृथ्वीसिंह पुत्र श्री अमर सिंह राजपुत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा
7. सूरजकंवर पत्नी श्री राम सिंह राजपूत आयु वयस्क निवासी जित्याखेड़ी तह0 एवं जिला भीलवाड़ा मृतक डिलिट

विपक्षीगण

उपस्थित:—अधिवक्ता प्रार्थीगण पृथ्वीराज चौधरी

Ahad
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

—: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लेण्ड रेवेन्यु एक्ट बाबत् रेकार्ड में हुई त्रुटि को दुरस्थ कराये जाने :—

—: **निर्णय** :—

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीगण की खातेदारी अधिकार की कृषि भुमि दिनांक 11.03.2024 ग्राम जित्याखेड़ी पटवार हल्का दांथल भू–अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र दांथल तहसील व जिला भीलवाडा में स्थित है। जिसका विवरण इस प्रकार है:— कमशः 256, 257 भूमि प्रार्थीगण के नाम दर्ज रेकार्ड है। आराजी नम्बर 256 के साबिक आराजी नम्बर 218 है व आराजी नम्बर 257 के साबिक आराजी नम्बर 215 है। आराजी नम्बर 256 चाह जो कि आराजी नम्बर 257 में खुदा हुआ है। साबिक नक्शे में भी आराजी नम्बर 256 चाह जो कि आराजी नम्बर 257 साबिक आराजी 215 की पश्चिम दिशा के उतरी कोने पर राजस्व नक्शे में तरमीम है। लेकिन राजस्व कर्मचारियों द्वारा साबिक नक्शे अनुसार उक्त आराजी नम्बर 256 की तरमीम नहीं कर आराजी नम्बर 255 जिसके साबिक आराजी नम्बर 217 है, उसमें तरमीम कर दिया गया है जो गलत है। प्रार्थीगण आराजी नम्बर 256 एवं 257 को साबिक नक्शे के अनुसार वर्तमान राजस्व नक्शे में तरमीम कराने के अधिकारी है। प्रार्थीगण आराजी नम्बर 256 एव 257 को साबिक नक्शे अनुसार वर्तमान राजस्व नक्शे में तरमीम कराए जाने की प्रार्थना की है। प्रार्थना पत्र के समर्थन में ग्राम जित्याखेड़ी की जमाबन्दी 2070–2073 की प्रतिलिपि आराजी नम्बर 255 क्षेत्रफल 0.6702 हैक्टयर की प्रतिलिपि एवं आराजी नम्बर 256 रकबा 0.0126 गै0 मु0 आचा खाता संख्या 95 की प्रतिलिपि प्रस्तुत की, भू–प्रबन्ध विभाग का खसरा की प्रमाणित प्रति, नक्शा ट्रेस सम्वत् 2024 की प्रमाणित प्रति संलग्न की एवं नक्शा सम्वत् 2001 की प्रमाणित प्रतिलिपि उदयपुर मेवाड़ की संलग्न प्रस्तुत की है।

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विपक्षी के नोटिस जारी किए गए। विपक्षीगण संख्या 02 से लगायत 07 के विरूद्ध दिनांक 13.07.2022 को उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की गई। प्रकरण में तहसीलदार भीलवाड़ा से मौका रिपोर्ट तलब करने हेतु पत्र दिनांक 25.11.2022 को जारी किया गया। तहसीलदार भीलवाड़ा ने अपने पत्र कमांक 70 दिनांक 15.02.2023 से मौका रिपोर्ट भू अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र दांथल से प्राप्त की। जिसमें अंकित है कि राजस्व रेकार्ड अनुसार आराजी नम्बर 256, 257 प्रार्थीगणों के नाम खातेदारी से दर्ज है। वर्तमान राजस्व नक्शा अनुसार विवादित स्थान को नजरी नक्शे में अंकित किया गया है। भू–प्रबन्ध(हाल से पूर्व का) साबिक नक्शा मौके पर्चे में दर्शाया गया है। नजरी नक्शे में प्रदर्शित साबिक आराजी नम्बर 215, 218 साबिक खातेदार नन्दसिंह के नाम पर दर्ज था जो प्रार्थीगण के पिता वर्तमान में मौके की स्थिती भी साबिक नक्शा अनुसार है। कुआ तथा कुए के पास स्थित भू–भाग पर प्रार्थीगणों का कब्जा पुस्तेनी रूप से होना बताया गया है जबकि अप्रार्थीगण ने कुए व कुए के पास की भूमि को अपना होना बताया है। उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य ठहरता है। अतएव

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

## आदेश

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लेण्ड रेवेन्यु एक्ट का स्वीकार किया जाकर ग्राम जित्याखेड़ी पटवार हल्का दांथल भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र दांथल तहसील व जिला भीलवाडा के साबिक आराजी नम्बर 218 के वर्तमान आराजी नम्बर 256 रकबा 0.0126 हैक्टेयर गै मु आचा व साबिक आराजी नम्बर 215 के वर्तमान आराजी नम्बर 257 रकबा 1.1381 हैक्टयर भूमि जो प्रार्थीगण के नाम पर खातेदारी दर्ज है। साबिक आराजी नम्बर 218 एवं साबिक आराजी नम्बर 215 के नक्शे अनुसार वर्तमान आराजी नम्बर 256 व 257 में राजस्व नक्शे में तरमीम किए जाने के आदेश प्रदान किए जाते है। वादग्रस्त आराजी के संबंध में मौका पर्चा दिनांक 28.12.2022 इसमें अंकित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए नक्शा तरमीम की जावे। रिपोर्ट भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र दांथल एवं मौका पर्चा दिनाक 28.12.2022 इस आदेश का पार्ट रहेगा। तहसीलदार भीलवाड़ा उपरोक्तानुसार राजस्व नक्शा दुरूस्ती कर पालना रिपोर्ट 15 दिवस में इस न्यायालय में प्रस्तुत करे। निर्णय की एक प्रति पालनार्थ तहसीलदार भीलवाड़ा को प्रेषित की जाए।

(आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा